# निरीक्षण टिप्पणी

**श्री विवेक पाण्डेय वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊ वृत उत्तराखण्ड नैनीताल द्वारा दिनॉक 15–4–2015 को डायरेक्टर जनरल आफ दी रोमन कैथोलिक डायोसीस के चर्च ,प्रीस्ट हाउस, स्कूल , टीचर्स एण्ड सर्वेन्ट क्वाटर के पूर्व स्वीकृति ल ीज के नवीनीकरण हेतु 0.9921 है0 वन भूमि प्रकरण के सम्बन्ध में निरीक्षण टिप्पणी।**

दिनॉक 15–4–2015 को विषयगत प्रस्तावित मोटर मार्ग का स्थल निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा, उप प्रभागीय वनाधिकारी श्री यू0सी0 तेवाडी ,वन क्षेत्राधिकारी भवाली श्री पी0सी0 जोशी, क्षेत्रीय कर्मचारी तथा लीजधारक के प्रतिनिधि सीस्टर रोज तथा सीस्टर सौशन के साथ किया गया। उक्त लीज नवीनीकरण के प्रस्ताव 0.9921 है0 के गठित किये गये हैं।

उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान अवगत किया गया कि डाईरक्टर जनरल आफ दी रोमन कैथोलिक डाईसैस को चर्च ,प्रिस्ट हाउस, स्कूल , टीचर्स एण्ड सर्वेन्ट क्वाटर हेतु नैनीताल वन प्रभाग के भवाली राजि के भवाली कर्म्पाटमेन्ट संख्या 19,20तथा 25 में 2.189 है0 वन भूमि पूर्व में 90 वर्ष की लीज पर स्वीकृत थी । जिसकी लीज अवधि जुलाई 2014 में पूर्ण हो चुकी हैं। लीजधारक द्वारा केवल उपयोग में लाई जा रही वन भूमि का लीज नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया था तथा शेष वन भूमि का कब्जा वन क्षेत्राधिकारी भवाली द्वारा प्राप्त कर लिया गया हैं । लीजधारक द्वारा उपयोग में लाई गई 0.9921 है0 वन भूमि के लीज नवीनीकरण के प्रस्ताव गठित किये गये हैं । 0.9921 है0 लीज नवीनीकरण के प्रस्तावों को भारत सरकार की स्वीकृति हेतु अग्रसारित किया गया हैं ।

उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान लीज नवीनीकरण के प्रकरण में दी गई जानकारी तथा प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा दी गई स्थल निरीक्षण रिर्पोट से अधोहस्ताक्षरी सहमत हैं ।

( विवेक पाण्डेय )

वन संरक्षक

दक्षिणी कुमाऊ वृत उत्तराखण्ड

नैनीताल

वन संरक्षक,

दक्षिणी कुमाऊ वृत उत्तराखण्ड नैनीताल।